an>

title: Need to complete the construction work on National Highway between Gopalganj and Raxaul in Bihar.

डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण) : माननीय अध्यक्ष महोदया, नेपाल भारत का सबसे निकटतम पड़ोसी देश है और वहाँ जाने के लिए पासपोर्ट या वीज़ा तो क्या, आई. कार्ड की भी ज़रूरत नहीं पड़ती है। मैं बिहार सरकार का आभारी हूँ कि उन्होंने एक पुल गोपालगंज और मंगलपुर के बीच में बनाया है। आज नेपाल का 80 प्रतिशत कारोबार रक्सौल के माध्यम से होता है और दिल्ली से काठमांडू जाने का यह एकमात्र इंटरनेशनल हाईवे है। अगर गोपालगंज से मंगलपुर होते हुए, जगदीशपुर होते हुए, नानोसती से सुगौली अगर एक रास्ता एन.एच. 28-सी बना दिया जाए, तो दिल्ली से काठमांडू की दूरी में 60 किलोमीटर की कमी भी हो जाएगी। इससे हज़ारों लीटर डीज़ल भी बचेगा और इसके साथ ही पूरे इलाके का महत्वपूर्ण उद्धार भी होगा।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री चन्द्र प्रकाश जोशी, श्री रोड़मल नागर एवं श्री सुधीर गुप्ता को डॉ. संजय जायसवाल द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

<u>12.54 hours</u>

SUBMISSIONS BY MEMBERS...Contd.